Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Awareness Program on health Youth Mela

Date	No. of students enrolled	Organizing Department
9-03-2018	80	Home Science in collaboration with Patna Obstetric & Gynecological Society

स्थापित : 1960

दूरभाष : 0612-2672236
ई-मेल : samcpatna@hotmail.com
वेबसाइट : www.samcpatna.org

श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना

(मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)
काजीपुर, पटना- 800 004 (बिहार)

पत्रांक ....

दिनांक ....

प्रेस विज्ञप्ति

गृहविज्ञान विभाग, श्री अरविन्द महिला कॉलेज एव Public awareness committee, Patna obstetric and gynaecological society के संयुक्त तत्वाधाान से 'युवा मेला' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन इस कमीटि के चेयरपर्सन डा0 चारु मोदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर वक्ता के रुप में शहर के जाने माने चिकित्सक मौजूद थे। जिन्होने विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। जिसमे Patna obstetric and gynaecological society की प्रेसीडेंट डा0 आभा रानी ने vaginal infection से बचने का सूझाव दिया। भूतपूर्व प्रेसिडेंट डा0 प्रमिला मोदी ने मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के समाधान का उपाय बताया। भूतपूर्व प्रेसिडेंट डा0 कुमकुम सिन्हा के द्वारा सुरक्षित प्रसव एवं परिवार नियोजन संबंधी कई जानकारियाँ प्राप्त हुई। Public awareness committee की को चेयर पर्सन डा0 मिनी आनंद ने पोषण के महत्व एवं एनीमिया पर प्रकाश डाला। डा0 रुमा गोस्वामी स्त्री रोग विशेषज्ञ, कुर्जी अस्पताल ने मोटापा से बचने के लिए जीवनशैली में परिवर्तन करने का सूझाव दिया। डा0 अमिता सिन्हा ने स्तन से संबंधी विमारियाँ एवं उपचार के बारे में बताया तथा अंत में डा0 चारु मोदी ने युवाओं में बढ़ते रोग एवं समस्याओं की चर्चा की साथ ही आत्मरक्षा के तरिके पर अधारित एक लघु चलचित्र के माध्यम से किशोरियों एवं युवाओं को स्वयं की विपरित परिस्थितियों में रक्षा करने के उपाय बताया।

तदोपरांत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंर्तगत जेनरल हेल्थ चेकअप, हिमोग्लोबिन,TSH,एवं BMD की जाँच की गई इससे लगभग 150 छात्राएँ लम्भांवित हुई। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में स्वागत प्राचार्या डा0 पूनम चौधरी द्वारा किया गया मंच का संचानल डा0 विमी सिंह ने किया तथा विषय प्रवेश डा0 चारु मोदी ने किया। धन्यावाद ज्ञापन गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डा0 शहनाज खानम ने किया। कार्यक्रम मे विभाग की तनुजा रुखैयार,डा0 नीलम,डा0 कुंजन,अनुभा,सोनी सहित शिक्षिकाएँ एवं छात्राओं की सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति थी।

Poonam
19.3.18
प्रभारी प्राचार्या

PATNA OBSTETRIC AND GYNAECOLOGICAL SOCIETY (POGS)
YOUTH MELA
Organized by
Dr Pramila Modi
PUBLIC
ARENESS COMMITT

PATNA OBSTETRIC AND GYNAECOLOGICAL SOCIETY (POGS)
YOUTH MELA
19 MARCH 2018
Organized by
Dept. of Home- Science, Sri Arvind Mahila College, Pa
Estd. 1960
Public Awareness

छात्राओं ने कराया हेल्थ चेकअप

अरविंद महिला कॉलेज में पीओजीएस की ओर से आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ करती प्राचार्या व अन्य

लाइफ रिपोर्टर ■ पटना

अरविंद महिला कॉलेज में गृहविज्ञान और पब्लिक अवेयरनेस कमेटी, पटना ऑब्सटेटरिक एंड गाइनीकोलॉजिकल सोसायटी (पीओजीएस) के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी के साथ जांच शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर कमेटी के चेयरपर्सन डॉ चारू मोदी, पीओजीएस की प्रेसिडेंट डॉ आभा रानी, डॉ कुमकुम सिन्हा, डॉ मिनी आनंद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रुमा गोस्वामी और डॉ अमिता सिन्हा मौजूद थी. संगोष्ठी की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ पूनम चौधरी द्वारा किया गया.

डॉ आभा रानी ने वजाइनल इंफिक्शन से बचने के सुझाव दिये. वहीं डॉ प्रमिला मोदी ने मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के साथ उनके समाधान का उपाय भी बताया. डॉ कुमकुम सिन्हा ने सुरक्षित प्रसव व परिवार नियोजन संबंधी कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी. डॉ मिनी आनंद ने पोषण तत्वों व एनिमिया के बारे में बताया. संगोष्ठी के बाद डॉ चारु मोदी ने युवाओं में बढ़ते रोग एवं समस्याओं की चर्चा के साथ ही आत्मरक्षा के तरीके पर आधारित एक लघु चलचित्र दिखाया गया.

कार्यक्रम के दौरान लगभग 150 छात्राओं ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया. इस दौरान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शहनाज खानम, डॉ विम्मी सिंह, तनुजा रुखैया, डॉ नीलम, डॉ कुंजन, अनुभा, सोनी सहित अन्य विभाग के टीचर्स व छात्राएं मौजूद थीं.

होंगे। प्रतिदिन दिन में भी 9.30 बजे होगा। इसके लिए एक फिल्म आयोजित होंगे। (जासं)

आयोजन अरविंद महिला कॉलेज में 'युवा मेला' विषय पर संगोष्ठी, छात्राओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

जीवनशैली में बदलाव से बेहतर होगा स्वास्थ्य

अरविंद महिला कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग और पब्लिक अवेयरनेस कम्यूनिटी पटना ओब्स्ट्रेट्रिक एंड गायनोकॉलिजिकल सोसाइटी की तरफ से 'युवा मेला' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चारु मोदी ने की।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. आभा रानी ने वैजिनल इन्फैक्शन के विषय में छात्राओं को विस्तार से बताया। छात्राओं के पूछे गए सवालों का समाधान किया। डॉ. कुमकुम सिन्हा ने मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सुरक्षित प्रसव, परिवार नियोजन, बीमारियों से बचने के उपाए बताए गए।

रुमा गोस्वामी ने लड़कियों के बीच मोटापे को लेकर होने वाली परेशानी के छुटकारे से संबंधित जानकारियां दीं। कहा कि जीवन शैली बदलने से छोटी-छोटी परेशानियों से निजात पाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को एक शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। इसमें आत्मरक्षा के तरीके और बचाव के उपाये सुझाये गए। युवा मेले में जनरल हेल्थ चेकअप, हिमोग्लोबिन, टीएसएच, बिएमडी की जांच की गई। जांच शिविर में 150 छात्राएं शामिल हुईं। कॉलेज की प्राचार्य पूनम चौधरी और कॉलेज के सभी शिक्षक मौजूद रहे। (जासं)

अरविंद महिला कॉलेज में आयोजित युवा मेले का उद्घाटन करती महिला डॉक्टर